**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**

**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com | Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602 | AISHE Code : C-21647


दुर्ग, दिनांक : 24/09/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्राओं के व्यक्तित्व व चरित्र का विकास करना व समाज सेवा के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। छात्राएँ अपने आस–पास के वातावरण का स्वच्छ रखने में अपनी सहभागिता निभाए। इस कार्यक्रम के तहत छात्राएँ विभिन्न सामाजिक व सामुदायिक गतिविधियों में भाग लते है जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आपदा राहत कार्य आदि, छात्राओं के द्वारा किये गये कार्य समाज में सेवा और सहानुभूति के महत्व को दर्शाता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्तर पर सहभागी छात्राओं को एक पेड़ माँ के नाम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, नशा मुक्ति, रैली, बी–प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड, व्यास पूजा कार्यक्रम डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर प्रश्नोत्तरी, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता की छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। रजत जयंती समारोह के अंतर्गत गोद ग्राम खपरी में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता की छात्राओं को प्रमाण–पत्र दिया गया। साथ ही समस्त कार्यक्रम की सहभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, श्री दीपक ठाकुर प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. मोनिया राकेश का सक्रिय सहयोग रहा। एन.एस.एस. की छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुषमा यादव ने किया।







**टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)